Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to accelerate pace of construction work of Rewa-Singrauli railway line, art of Lalitpu Singrauli railway line project.

श्रीमती रीती पाठक (सीधी): सभापति महोदय, आज मैं माननीय रेलमंत्री जी से आग्रह करना चाहती हूं वि मेरे रेल विहीन संसदीय क्षेत्र सीधी के लिए ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना अति महत्वपूर्ण व रेल के सपन को साकार करने वाली है। 2015 में माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा विशेष रुचि लेते हुए इस परियोजना के कार के लिए समय सीमा निर्धारित की गई थी जिसके कारण कार्यों में तीव्रता आई। उसी का परिणाम है व बघवार के छुहिया घाटी में मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा रेलवे टनल बनकर तैयार हो गया है। अभी कुछ दि पहले रेलमंत्री जी ने उक्त टनल की फोटो भी पोस्ट की थी, परंतु मैं सनिवेदन अवगत कराना चाहती हूं वि उक्त परियोजना के भाग रीवा से सिंगरौली में तीव्रता लाने की आवश्यकता है। विगत महीनों में परियोजना व कार्यों की गति में कमी आई है।

मेरा आग्रह है की ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना के भाग रीवा से सिंगरौली के कार्यों में तीव्रता लाने हे संबंधितों को निर्देशित किया जाये, जिसके फलस्वरूप माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा निर्धारित समय सीमा परियोजना का कार्य पूर्ण हो सके।